Planning and Development Services
Building Division
8850 McLaughlin Road, Unit 1
Brampton, ON L6Y 5T1

बिल्डिंग परमिट संबंधी शर्तें

डेक

आवेदक ध्यान दें: कृपया बिल्डिंग परमिट के लिए आवेदन प्रस्तुत करने से पहले, यह निर्धारित करने के लिए बिल्डिंग डिवीजन (Building Division) के ज़ोनिंग प्लान्स एग्जमाइनर (Zoning Plans Examiner) से पूछें कि सिटी ऑफ ब्रैम्प्टन, ज़ोनिंग बाय-लॉ (Zoning By-law) के मुताबिक, प्रॉपर्टी पर प्रस्तावित डेक की अनुमति है या नहीं।

बिल्डिंग परमिट आवेदन

प्रस्तुति के समय निम्नलिखित जानकारी आवश्यक है। अधूरे आवेदन स्वीकार **नहीं** किए जा सकते।

1. **पूरे किए बिल्डिंग परमिट आवेदन में निम्नलिखित शामिल होता है:**
   - आवेदन फॉर्म "निर्माण करने या गिराने के लिए परमिट"
   - शेड्यूल 1: डिजाइनर जानकारी
   - लागू कानूनी जांच सूची

2. वास्तविक योजनाओं की **दो (2) प्रतियां**, जिसमें निम्नलिखित शामिल होना आवश्यक है:
   - प्रस्तावित डेक का स्थान और लॉट लाइन से दूरियों के परिमाप दिखाते हुए - साइट योजना और कानूनी प्रॉपर्टी सर्वेक्षण। साइट योजना के साथ कानूनी सर्वेक्षण की प्रति लगाना आवश्यक है।
   - योजना और सेक्शन ड्राइंग्स
     नींव - खम्भों का स्थान, गहराई, आकार और खाली स्थान प्रदान करें
     फ्रेमिंग - पूरे किए ग्रेड से डेक का परिमाप और ऊंचाई प्रदान करें, बीम मैटिरियल, आकार, स्थान, खाली स्थान और अटैचमेंट की विधि प्रदान करें
     - शहतारी का मैटिरियल, आकार, खाली स्थान और परिमाप (फैलाव) प्रदान करें
     - फ्लोरिंग (डेकिंग) मैटिरियल और आकार प्रदान करें
     - यदि डेक फ्लोर, फिनिश्ड ग्रेड से 2'0" से अधिक है, तो गार्ड (रेल), सीढ़ी और सीढ़ी पकड़ने के डंडे के परिमाप, मैटिरियल और विवरण प्रदान करें

3. हमारी **स्टैंडर्ड 10 दिन की परमिट आवेदन सर्विस** पर $280.50 की परमिट फीस लागू होती है

बिल्डिंग परमिट जारी करना

1. जहां रजिस्टर्ड कोंडोमिनियम के सामान्य भाग के अंदर निर्माण के लिए परमिट जारी किया जाता है, वहां कोंडोमिनियम कार्पोरेशन के अधिकृत एजेंट द्वारा हस्ताक्षर किया गया, बिल्डिंग या प्रॉपर्टी के सामान्य भाग के अंदर किए जाने वाले काम की अनुमति के लिए निर्माण के लिए अनुमति का नोटिस (Notice of Permission to Construct) फार्म प्रस्तुत किया जाएगा।

परमिट
टेली. 905-874-2401
फैक्स 905-874-2499

जांचें
टेली. 905-874-3700
फैक्स 905-874-3763

ज़ोनिंग सर्विसिज
टेली. 905-874-2090
फैक्स 905-874-2499